Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct canals to solve the problem of drinking water in villages of Sikar, Rajasthan.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): अध्यक्ष महोदय, अभी गांधी संकल्प यात्रा के दौरान मुझे मेरे लोक सभा क्षेत्र सीकर के गांव में जाने का मौका मिला । जब क्षेत्र में गया तो लोगों की एक बहुत बड़ी समस्या मेरे सामने आई । जिस क्षेत्र में हजारों मन अन्न पैदा होता था, वहां वाटर लेवल नीचे जाने के कारण, जल संकट के कारण वहां के लोग भूखे रहने की स्थिति में आ गए हैं । यही स्थिति पीने के पानी की है । ढाणियों में लोग रहते हैं । उन्हें हर महीने 4-5 हजार रुपये टैंकरों से पानी डलवाना पड़ता है । मेरा सरकार से विशेष तौर से जल शक्ति मंत्रालय से निवेदन है कि पानी की कोई ऐसी व्यवस्था की जाए कि जो लोग गांवों में रहते हैं, जिन्हें पीने के पानी की समस्या है, वहां नहर आदि की व्यवस्था करके पेयजल की समस्या का समाधान किया जाए ताकि वहां के लोगों की समस्या दूर हो सके ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।